हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 7 मार्च 2026

04 राम टेकरी तपोभूमि देदला में मनाया भक्तिभाव...



07 डीआरएम ने अशोकनगर स्टेशन का निरीक्षण किया, जन...





## समाचार संक्षेप

### गीता स्वाध्याय का होगा आयोजन

**गुना।** विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गुना द्वारा रविवार को शाम चार बजे भोगीराम साहू के स्वनिवास यादव रायल सिटी गोपालपुरा के यहां आयोजित किया गया है। पहुंचने के लिए डीपी से चूने के निशान डले हुए मिलेंगे। आयोजक ने सभी धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण



**गुना।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अमिताभ मिश्र द्वारा जिला जेल गुना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अमिताभ मिश्र प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना द्वारा बंदी बैरकों का निरीक्षण करते हुए बंदियों से चर्चा कर उनके प्रकरणों की वर्तमान स्थिति, अपील, मुलाकात संबंधी जानकारी एवं विधिक सहायता के संबंध में जानकारी ली गई। इसके साथ ही प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा जिला जेल में बंदियों को उपलब्ध कराये जाने वाले भोजन, पीने के पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, बंदियों के परिजनों से मुलाकात एवं बंदियों के प्रकरणों मे अपील संबंधी जानकारी भी ली जाकर जेल अधीक्षक जिला जेल को अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया गया। उक्त अवसर पर जेल में निरूद्ध बंदियों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदाय की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता योजना, लीगल एड डिफेंस कांउसेल सिस्टम, प्ली बारगेनिंग एवं समय समय पर माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशो के संबंध में भी जानकारी दी जाकर लाभांवित किया गया। उक्त निरीक्षण मे सुश्री मधुलिका मुले मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गुना, वंदना त्रिपाठी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना, सर्वेश चतुर्वेदी जिला विधिक सहायता अधिकारी सहित जेल अधीक्षक एवं जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

### नाबालिग अपहरण मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्र से नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालिका को रायसेन जिले से सुरक्षित बरामद कर लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुलिस के अनुसार 25 फरवरी 2026 को एक महिला ने अपनी 14 वर्षीय पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट मधुसूदनगढ़ थाने में दर्ज कराई थी। मामले में धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने बालिका की तलाश शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद 4 मार्च को पुलिस ने बालिका को रायसेन जिले के उदयपुरा थाना क्षेत्र से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया।पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी राजनारायण यादव निवासी ग्राम बरखेड़ी राम के खिलाफ धारा 65(1) बीएनएस और 3/4 पॉक्सो एक्ट जोड़ा गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर, डीएसपी जे.एल. सिद्दिकी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संदीप यादव व पुलिस टीम द्वारा की गई।

### द केरल स्टोरी 2 का आज निशुल्क शो

**गुना।** किशोरियों को जागरूक करने और सामाजिक बुराइयों से बचाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत गुना एवं जगत दर्शन परिवार द्वारा एक विशेष पहल की गई है। इसके तहत 7 मार्च को दोपहर 3 बजे के शो में द केरल स्टोरी 2 फिल्म का निशुल्क प्रदर्शन किया जाएगा।यह फिल्म विशेष रूप से टीनएज लड़कियों और उनके अभिभावकों के लिए प्रेरणादायक है। फिल्म के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि किशोरावस्था में बच्चे अक्सर अपने लक्ष्यों से भटक सकते हैं, ऐसे में माता-पिता का मार्गदर्शन और उन पर विश्वास बेहद जरूरी है। आयोजकों का मानना है कि इस फिल्म को देखने से बच्चों में अपने भविष्य के प्रति सजगता आएगी और पॉक्सो जैसे अपराधों में कमी लाने में मदद मिलेगी। इस समन्वित प्रयास का उद्देश्य नई पीढ़ी को भटकाव के दुष्परिणामों से बचाकर सुरक्षित भविष्य की ओर अग्रसर करना है।

## सेवा भारती गुना की बैठक संपन्न, नई कार्यकारिणी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



सेवा भारती गुना की महत्वपूर्ण बैठक सेवा भारती के अन्नपूर्णा भोजनालय में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नर सेवा नारायण को मूल मे रखते हुये सेवा कार्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में सेवा भारती द्वारा संचालित विभिन्न सेवा प्रकल्पों की समीक्षा करते हुए उन्हें और अधिक प्रभावी तथा व्यापक बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों तक शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन एवं सेवा कार्यों को और तेज गति से पहुँचाने के लिए संगठनात्मक विस्तार पर भी जोर दिया। इस अवसर पर विभाग संघचालक अशोक सिंह कुशवाह ने सेवा भारती गुना जिले की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। नई कार्यकारिणी में श्री नर्मदा शंकर भार्गव को जिला अध्यक्ष, डॉ. मनोज रघुवंशी को जिला सचिव, अखिलेश विजयवर्गीय एवं पवन राठौर को उपाध्यक्ष, विजय श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इसके साथ ही दिनेश जाटव, संगीता भाटी तथा श्वेता जैन को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दायित्व प्रदान किया गया। बैठक में सेवा कार्यों के विस्तार के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी, विभाग समन्वयक प्रमोद यादव तथा नरेन्द्र सिंह सेंगर की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक का समापन कल्याण मंत्र के साथ किया गया।

### इंडस्ट्रीयल एरिया में गाय के बछड़े का सिर मिलने से सनसनी फैली

## बछड़े का सिर हाथ में लेकर पहुंचे नाराज गोसेवकों ने कलेक्ट्रेट में की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के इंडस्ट्रीयल एरिया में सुबह गाय के बछड़े का कटा हुआ सिर मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई । इसके बाद गोसेवक एवं बजरंग दल कार्यकर्ता बछड़े का कटा हुआ सिर अपने साथ लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे।

जहां नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। गौसेवकों का आरोप है कि गाय, मवेशियों को शहर में चोरी छिपे काटा जा रहा है, ये इसका उदाहरण है।उनकी मांग है कि प्रशासन इसे गंभीरता से लेते हुए जांच-पड़ताल कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे। कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे गोसेवक मोनू ओझा ने बताया कि सुबह वह सूचना मिलने पर इंडस्ट्रीज एरिया पहुंचे थे, जहां गाय के बछड़े का सिर उन्हें मिला। उन्होंने बताया कि पहले हमने सोचा शायदकुत्ते आदि ने नोचा होगा या काट दिया होगा। लेकिन करीब दो घंटे हमने छानबीन की इस दौरान वहां बछड़े के पैर व रस्सी आदि मिले, लेकिन अन्य धड़ कहीं नहीं मिला।इस आशय की सूचना प्रशासन और पशु चिकित्सकों को दी गई, पशु चिकित्सालय में जब चिकित्सकों ने जांच की तो पता चला कि इसका सिर काटा गया है। गौसेवकों का आरोप है कि शहर में इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। गाय हमारी आस्था से जुड़ी हुई है, इसलिए इसे लगातार टारगेट किया जा रहा है। हमारी मांग है कि मामले की जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई की जाए। वहीं मवेशियों के लिए उचित प्रबंध किए जाएं एवं शहर व आसपास संचालित हो रही गौशालाओं में उचित व्यवस्था की जाए। इस मौके पर बड़ी संख्या में गौसेवक मौजूद थे।उधर प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक मार्मिक मामला सामने आया है, जहां कथित धोखे और लगातार धमकियों से परेशान होकर एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बेटी को न्याय दिलाने के लिए उसके माता-पिता उसकी तस्वीर लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।





## खनिज विभाग की कार्रवाई लगातार जारी, 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली व 1 ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में अवैध रूप से खनिजों के उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी है। प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित क्षेत्रों में लगातार निगरानी और छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आरोन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जखौदा में अवैध उत्खनन एवं परिवहन की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत को गंभीरता लेते हुए आज खनिज विभाग की टीम द्वारा तहसील आरोन में छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 02 ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध रूप से रेत का परिवहन करते एवं 01 ट्रक ओवरलोड गिट्टी परिवहन करते हुए पाए गए। संबंधित वाहनों को तत्काल जब्त कर पुलिस थाना आरोंन में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया तथा वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इस कार्रवाई में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती तथा खनिज अमला सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



होली के पावन पर्व के अवसर पर श्रीबालाजी सेवा समिति ट्रस्ट उदासी आश्रम मंदिर द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ कथा का शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्ति भाव के साथ भाग लिया।प्रातः 10 बजे मंदिर घाट से कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सिर पर कलश धारण किए महिलाएं एवं श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए कथा स्थल तक पहुंचे। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया।आयोजकों ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के अवसर पर उदासी आश्रम मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा का आयोजन 6 मार्च से 13 मार्च 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।कथा के प्रवक्ता आचार्य पं. सौरभ भार्गव द्वारा श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का रसपान कराया जाएगा। आयोजन समिति श्रीबालाजी सेवा समिति ट्रस्ट एवं समस्त भक्तगणों ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कथा में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु पंजीयन की तिथि 10 मार्च तक बढ़ाई गई

**गुना।** मध्यप्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है।पहले गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च 2026 निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 10 मार्च 2026 कर दिया गया है।किसानों से अपील की गयी है कि वे अपने नजदीकी केंद्र पहुँचकर निर्धारित समयावधि के भीतर अपना गेहूं विक्रय पंजीयन अवश्य करा लें, ताकि समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय का लाभ प्राप्त किया जा सके।राज्य सरकार किसानों की सुविधा और हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक निर्णय ले रही है, जिससे अधिक से अधिक किसानों को समर्थन मूल्य योजना का लाभ मिल सके।

### ट्रैक्टर लेने जा रहे परिवार पर टूटा कहर

## सड़क हादसे में पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हुई, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

चारों रिश्तेदार एक ही बाइक से ट्रैक्टर खरीदने के लिए गुना जा रहे थे, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार सेमरा गांव निवासी मुकेश भील अपने परिजनों के साथ ट्रैक्टर खरीदने के लिए गुना के लिए निकला था। उसके साथ बाइक पर शंकर भील, बाबूलाल और सात वर्षीय दीपक भी सवार थे। चारों दोपहर करीब ढाई बजे गांव से रवाना हुए थे। रास्ते में झा गांव के पास उनकी बाइक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सभी लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और डायल-112 की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने मुकेश भील (25), शंकर भील (45) और सात वर्षीय दीपक को मृत घोषित कर दिया, जबकि बाबूलाल (28) को गंभीर हालत में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मृत और घायल सभी लोग आपस में रिश्तेदार हैं। मुकेश और दीपक पिता-पुत्र थे, जबकि शंकर और बाबूलाल सगे भाई बताए जा रहे हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के निर्माण कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति, भौतिक एवं वित्तीय स्थिति तथा फील्ड स्तर पर किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे सहित जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने “एक बगिया मां के नाम” अभियान को जनभागीदारी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाई अमरूद की अच्छी आर्थिक संभावनाओं को देखते हुए जिले में इसके पौधारोपण को बढ़ावा दिया जाए।

अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए स्व सहायता समूहों के साथ आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा लगाए गए पौधों की नियमित जांच कर वास्तविक प्रगति का आकलन किया जाए।

कलेक्टर श्री कन्याल ने इंजीनियरों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे निर्माण कार्यों का नियमित रूप से फील्ड में जाकर निरीक्षण करें और परियोजनाओं की प्रगति समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें। उन्होंने रुके हुए कार्यों को पुनः प्रारंभ कराने और निर्धारित लक्ष्य के अनुसार योजनाबद्ध ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी कार्य पारदर्शिता के साथ करने और किसी भी प्रकार की फर्जी प्रविष्टि से बचने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही आवास प्लस योजना तथा पंचायत भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए स्वीकृत सभी कार्य शीघ्र प्रारंभ कर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना, जल गंगा संवर्धन अभियान, “एक बगिया मां के नाम” अभियान और आवास प्लस योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## मृत बेटी की तस्वीर के साथ न्याय की गुहार लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे माता-पिता

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक मार्मिक मामला सामने आया है, जहां कथित धोखे और लगातार धमकियों से परेशान होकर एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अब बेटी को न्याय दिलाने के लिए उसके माता-पिता उसकी तस्वीर लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

मृतका के पिता राजू शिवहरे ने बताया कि उनकी बेटी मुस्कान शिवहरे को म्याना निवासी अभिषेक शर्मा पिछले करीब चार वर्षों से शादी का झांसा देकर बहला रहा था। इसी भरोसे में उसने कई बार उससे शारीरिक संबंध बनाए। जब मुस्कान ने विवाह की बात कही तो युवक ने साफ इंकार कर दिया और बताया कि उसकी कहीं और सगाई हो चुकी है। पिता का आरोप है कि इसके बाद भी आरोपी युवती को लगातार धमकाता रहा और उसके निजी फोटो वायरल करने की बात कहकर दबाव बनाता था। परिजनों के अनुसार आरोपी की प्रताडन्ना से मुस्कान मानसिक रूप से बेहद परेशान रहने लगी थी। उसने यह बातें अपनी बड़ी बहन को भी बताई थीं और परिवार ने युवक को समझाने की कोशिश भी की, लेकिन वह नहीं माना। आरोप है कि युवक ने युवती से यहां तक कह दिया था कि यदि उसने आत्महत्या नहीं की तो वह उसके फोटो वायरल कर देगा। इसी मानसिक दबाव और अपमान के डर से मुस्कान ने 23 फरवरी को फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मुस्कान की मौत के बाद म्याना थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। परिजनों का कहना है कि उन्होंने युवती का मोबाइल फोन भी पुलिस को सौंप दिया, लेकिन अब तक आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। परिवार का आरोप है कि पुलिस की ओर से मामले में ढिलाई बरती जा रही है और एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसी को लेकर मंगलवार को मुस्कान के माता-पिता और परिजन उसकी तस्वीर लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने मांग की कि आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि उनकी बेटी को न्याय मिल सके।

### गुना पुलिस लाइन में पुलिस का होली मिलन समारोह आयोजित हुआ

## खाकी पर चढ़ा होली का रंग, पुलिस लाइन में उड़ा रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना




गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के मार्गदर्शन में गुना पुलिस लाईन में 5 मार्च को प्रातः होली मिलन समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, एसडीएम शिवानी पाण्डेय, डीएसपी मुख्यालय शजमीलउद्दीन सिद्दीकी, एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे, एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना, रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय सहित जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई देते हुये हर्षोल्लास से होली खेली गयी । त्यौहार कोई भी हो पुलिस के सामने उन्हें शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना हमेशा चुनौती रहती है । इसी के चलते रंगों के त्यौहार इस होली पर्व पर जिले में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मुस्तैदी का ही परिणाम रहा कि गुना शहर ही नहीं बल्कि पूरे जिले में आमजन के द्वारा होली का पर्व पूरे उमंग, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इस दौरान कहीं कोई विवाद की स्थिति नहीं बनी, न ही कोई गंभीर घटना घटित हुई ।

जब सभी लोग अपने अपने त्योहार अपने घर और परिवार के बीच मनाते हैं तब पुलिस उनकी सुरक्षा मे तैनात रहती है, सुरक्षा व्यवस्था में लगे होने से पुलिस बल के होली का त्योहार नहीं मना पाने से गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा दिनांक 5 मार्च को पुलिस लाइन में जिले के समस्त पुलिस फोर्स के लिये होली मिलन समारोह आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये।

### यूपीएससी में गुना का दबदबा: देवांगी मीणा और नीरज निश्चल बने आईएएस

**गुना।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सर्विसेज परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित होने के बाद गुना जिले में खुशियों का माहौल है। कुंभराज की देवांगी मीणा ने 236वीं रैंक और जिले के एसडीओ फॉरेस्ट नीरज निश्चल ने 241वीं रैंक हासिल कर आईएएस अधिकारी बनने की सफलता प्राप्त की।देवांगी मीणा ने पिछले वर्ष आईआरएस के लिए चयनित होने के बावजूद पढ़ाई जारी रखी और इस बार बड़ी सफलता पाई। वहीं नीरज निश्चल, जो 2022 में आईएफएस में थे, अब प्रशासनिक सेवा में अपना करियर आगे बढ़ाएंगे। जिले में दोनों होनहारों की उपलब्धि पर हर्ष का माहौल है।



## होली समाचार

### स्कूल फ्रेंड्स ग्रुप ने होली का त्यौहार हर्ष उल्लास से मनाया



**राघोगढ़।** साडा कॉलोनी स्थित फार्म हाउस पर स्कूल फ्रेंड्स ग्रुप ने होली पर्व रंगों के त्योहार पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । नगर में गुलाल और रंग लोगों को लगाते हुए ढोल बाजे के साथ बाइक से नगर का भ्रमण भी किया । हर दुकानदार राहगीर को गुलाल एवं रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी स्कूल फ्रेंड्स ग्रुप की इस पहल से नगर में होली का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया । फ्रेंड्स क्लब द्वारा अपने मित्रों के यहां पर अनराई की होली पर उनके निवास पहुंचकर उनको और उनके परिजनों को गुलाल लगाई । सभी स्कूल फ्रेंड्स ग्रुप प्रति वर्ष होली एवं रंग पंचमी मिलन समारोह का आयोजन भी बड़ी धूमधाम से आयोजित करता है। स्कूल फ्रेंड्स ग्रुप ने सभी नगर वासियों से अपील की है कि वर्ष में सभी त्योहार मिलजुल कर मनाएं ।कार्यक्रम का समापन फूलों की होली खेल कर साथ में भोजन कर के किया। इस अवसर पर पंकज दीक्षित अनिमेष भार्गव राहुल जैन भारत पटवा महेश दीप राजेंद्र साहू बृजेश साहू शैलेंद्र चौहान प्रकाश शर्मा सोनू जैन मनोहर पटवा लोकेंद्र श्रीवास्तव लोकेंद्र पाराशर कोमल साहू अनिल साहू गोपाल साहू दिलीप प्रजापति शेरु बना महेश गुप्ता मुरारी जगदीश साहू अनिल वर्मा नवल सैनी विजेंद्र सोलंकी कैलाश सेन योगेंद्र सिंह ज्ञानेंद्र ओझा एवं सभी फ्रेंड्स क्लब के मित्र गण मौजूद रहे।

### 211 वर्षों से जीवित परंपरा 'हिल्ला' राघौगढ़ की शौर्य और जनआस्था की पहचान

**राघौगढ़।** राघौगढ़ की पुण्यभूमि पर 211 वर्षों से मनाई जा रही 'हिल्ला' की परंपरा केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास, शौर्य और जनआस्था का प्रतीक है। वर्ष 1816 में राजा जयसिंह द्वारा अंग्रेजी सेना पर प्राप्त विजय की स्मृति में इस परंपरा की शुरुआत हुई थी, जो आज भी उसी आत्मसम्मान और संकल्प के साथ निभाई जा रही है।यह विजयोत्सव क्षेत्रवासियों को यह संदेश देता है कि जब राज और प्रजा एक साथ खड़े होते हैं, तब इतिहास रचा जाता है। राघौगढ़ में होली के तीसरे दिन आयोजित होने वाला 'हिल्ला' शौर्य, एकता और भाईचारे का पावन अवसर माना जाता है।इस अवसर पर राघौगढ़ किला परिसर स्थित वटवृक्ष के नीचे हजारों क्षेत्रवासी एकत्र होकर हिल-मिलकर रंग-गुलाल खेलते हैं। यह आयोजन केवल परंपरा निभाने तक सीमित नहीं, बल्कि जनमानस के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर भी होता है।क्षेत्रवासियों का संकल्प है कि राघौगढ़ की इस ऐतिहासिक विरासत और सामाजिक समरसता की परंपरा को आने वाली पीढ़ियों तक सहेज कर रखा जाए। 'हिल्ला' न केवल क्षेत्र की विरासत है बल्कि यहां की पहचान भी है, और यह परंपरा भविष्य में भी जनस्नेह और उत्साह के साथ आगे बढ़ती रहेगी।





# राम टेकरी तपोभूमि देदला में मनाया भक्तिभाव के साथ होली का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांचौड़ा

प्रातः स्मरणीय महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 अभिराम दास त्यागी जी महाराज के पावन सानिध्य में होली का पर्व श्री राम टेकरी तपोभूमि देदला में अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भजन-कीर्तन के साथ रंग-गुलाल खेलकर उत्सव का आनंद लिया।महाराज श्री शिवरात्रि महोत्सव के अवसर से रामरक्षक के निमित्त राम टेकरी तपोभूमि देदला क्षेत्र में पधारे हुए हैं। उनके आगमन से संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण का संचार हुआ है और श्रद्धालु बड़ी संख्या में उनके दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।कार्यक्रमों की श्रृंखला में 14 फरवरी को कुंभराज में तापड़िया परिवार के यहां श्री रामार्चन महोत्सव आयोजित किया गया। इसके पश्चात 17 फरवरी को बीनागंज में सात दिवसीय अखण्ड रामधुन संकीर्तन का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें गोपाल मीना मोईखेजड़ा के निवास पर श्री रामार्चन महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। वहीं 22 फरवरी को श्री रामानन्द सागर आश्रम में भी राम अर्चन महोत्सव का आयोजन किया गया।गुरुजी के सानिध्य से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो उठा है। श्रद्धालुजन उनके दर्शन कर स्वयं को धन्य मान रहे हैं तथा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं।



होली के इस पावन अवसर पर भी भजन, कीर्तन और रंग-गुलाल के साथ भक्तों ने गुरुजी का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया।श्री राम टेकरी तपोभूमि देदला वर्तमान में भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र बनी हुई है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का होली मिलन उत्सव



**गुना।** मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा सनातन संस्कृति, एकता और सामाजिक समरसता के प्रतीक रंगारंग महापर्व होली उत्सव 2026 नत्थूखेड़ी स्थित समाज की धर्मशाला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।समाज के मीडिया प्रभारी सतीश सोनी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत समाज के पितृ पुरुष श्री अजमीढ जी के चित्र पर गुलाल अर्पित कर की गई। यह पूजन समाज के वरिष्ठजन रमेश टोडरा एवं चंद्रमोहन सोनी द्वारा किया गया। इसके बाद समाजजनों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जगदीश टोडरा, समाज अध्यक्ष आरके सोनी, महामंत्री राघवेंद्र सोनी तथा युवा जिला अध्यक्ष गोविंद सोनी ने समाजजनों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुखमय एवं समृद्ध जीवन की कामना की।कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने सूखी गुलाल से होली खेलकर पानी बचाने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम का आभार युवा मंडल नगर अध्यक्ष विकास सोनी द्वारा व्यक्त किया गया।उत्सव के पश्चात समाज के पदाधिकारियों ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला पंचायत गुना से भी मुलाकात कर उन्हें गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

## लगातार 11वीं बार पांच जिला केसरी बने जगदीश पहलवान, गेहूंखेड़ी दंगल में दिखा जोरदार दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांचौड़ा

ग्राम गेहूंखेड़ी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 11वां विशाल पाँच जिला केसरी दंगल बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। दंगल में विभिन्न जिलों से आए पहलवानों ने अलग-अलग वजन वर्गों में दमदार प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबले पेश किए।प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे—45 किलो वर्ग – कार्तिक ओझा (नरसिंहगढ़) प्रथम, लक्की (नरसिंहगढ़) द्वितीय।65 किलो वर्ग – लखन सैनी (चाचौड़ा) प्रथम, अजय प्रताप (दतिया) द्वितीय।74 किलो वर्ग – पवन कुशवाहा (गेहूंखेड़ी) प्रथम, अनुज बैरागी (राजगढ़) द्वितीय।74 किलो से ऊपर ओपन वर्ग – जगदीश कुशवाहा (गेहूंखेड़ी) प्रथम, दिव्यांश मालवीय (गंजबासौदा) द्वितीय।ओपन वर्ग में जगदीश कुशवाहा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार 11वीं बार पाँच जिला केसरी का खिताब अपने नाम किया। उनकी जीत पर दर्शकों ने जोरदार तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया।विजेता पहलवानों को हनुमान जी की गदा, प्रमाण पत्र तथा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन अभियान परिषद विकासखंड चाचौड़ा के कृष्ण पाल राठौर रहे। वरिष्ठ अतिथि के रूप में हिंदू रक्षा शक्ति संघ के प्रदेश महामंत्री सुरेश सुमन उपस्थित रहे।विशेष अतिथि के रूप में जगदीश मेर (अध्यक्ष, जिला कुश्ती संघ गुना), तौफिक खान (खेल एवं युवा कल्याण विभाग गुना), अरविंद परीक, वंदना व्यास, रामेश्वर मीना और भरोसा कुशवाहा सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।दंगल में नीतेश सैनी, श्रीराम माली (चाचौड़ा) और आकाश (नरसिंहगढ़) ने रेफरी की भूमिका निभाई।आयोजन की सफलता में ग्राम विकास प्रस्तुत समिति गेहूंखेड़ी के अध्यक्ष करण सिंह कुशवाह, सचिव गोविंद सिंह मीना, गोकुल पहलवान, लक्ष्मण पहलवान, नवल सिंह कुशवाहा तथा उनकी पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।



## नगर परिषद क्षेत्र आरोन में वार्ड क्रमांक 15 का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी के निर्देशानुसार नगर परिषद क्षेत्र आरोन में जनगणना संबंधी कार्यों की समीक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 15 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं चार्ज गणना अधिकारी दिनेश कुमार सोनी तथा नोडल अधिकारी मोहित बिजौले उपस्थित रहे। अधिकारियों ने वार्ड में चल रहे जनगणना से जुड़े कार्यों की स्थिति का अवलोकन किया तथा संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस दौरान अधिकारियों ने जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूरा करने पर जोर दिया और कर्मचारियों से कहा कि सभी आवश्यक जानकारी सही तरीके से संकलित की जाए, ताकि शासन को सटीक आंकड़े उपलब्ध हो।



# राघोगढ़ में एचपीवी वैक्सीन अभियान शुरू 14-15 वर्ष की बच्चियों को लगाया जा रहा टीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राघोगढ़

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों को एचपीवी वैक्सीन लगाने का अभियान राघोगढ़ विकासखंड में चलाया जा रहा है। पहले यह टीकाकरण केवल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राघोगढ़ में किया जा रहा था, लेकिन अब इसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर भी शुरू कर दिया गया है। गुरुवार से रूठियाई, जामनेर और मकसूदनगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी एचपीवी वैक्सीन का टीकाकरण प्रारंभ कर दिया गया।विकासखंड राघोगढ़ के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में गुरुवार को टीकाकरण किया गया। इस दौरान आशा सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ताओं और अन्य विभागों के सहयोग से लोगों को जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक 14 से 15 वर्ष की बच्चियां इस वैक्सीन का डोज ले सकें।यह अभियान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला गुना डॉ. राजकुमार रिशीश्वर तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राघोगढ़ अमित सोनी के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी राघोगढ़ डॉ. धर्मेंद्र श्रीवास्तव और हेल्थ टीम द्वारा गांव-गांव जाकर आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है और बच्चियों को टीके लगाए जा रहे हैं।गुरुवार शाम 4 बजे तक विकासखंड राघोगढ़ में कुल 38 बच्चियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। इस दौरान आवन की आशा सुपरवाइजर कृष्णा मेर, ग्राम कुमरिया की आशा कार्यकर्ता राधा शर्मा और गणेशपुरा की आशा कार्यकर्ता भारतीय परिहार ने अपनी बच्चियों को टीका लगवाकर लोगों को सकारात्मक संदेश दिया।



इस अवसर पर बीपीएम गजेंद्र भार्गव, बीसीएम रूबी मोनिका, बीईई रघुवीर सिंह और एमटीएस अनिल शुक्ला ने भी आशा सुपरवाइजर एवं आशा कार्यकर्ताओं के साथ गांवों में भ्रमण कर लोगों को टीके के संबंध में जानकारी दी और अधिक से अधिक हितग्राहियों को इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

## जिला जेल अशोकनगर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रधान जिला न्यायाधीश,अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में व जिला न्यायाधीश उपदेश कुमार राठौर, न्यायाधीश /सचिव मनीष अनुरागी, न्यायाधीश सोनल गुप्ता, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा एवं डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसल रफीक खान, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसल विष्णु नारायण बिरथरे की उपस्थिति में शुक्रवार को जिला जेल अशोकनगर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन एवं बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार किया गया।

शिविर के दौरान न्यायाधीशगण द्वारा सभी बंदियों से चर्चा की गई। निरूद्व बंदियों से उनके अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली गई तथा जिन बंदियों के अधिवक्ता नहीं थे, उन्हें लीगल एड डिफेंस काउंसल से तत्काल अधिवक्ता नियुक्त किये गये तथा जिन बंदियों को अपने अधिवक्ता, प्रकरण की स्थिति पता न होने से, उनके प्रकरणों के संबंध में संबंधित न्यायालय से जानकारी तलब कर बंदियों को दी गई। साथ ही बंदियों से भोजन एवं स्वास्थ्य संबंधी चैकअप समस्या के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही महिला बेरक में बंदी महिलाओं एवं उनके साथ रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य, भोजन, आवास, मनोरंजन एवं शिक्षा के संबंध में जानकारी ली जाकर व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने हेतु जेलर को निर्देशित किया। इसके साथ ही विधिक सहायता, विधिक सलाह, बंदियों के अधिकार एवं प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में बंदियों को जानकारी दी। बंदी जेल से ही विधिक सहायता से वकील निःशुल्क ले सकते हैं।



### करीला धाम पर खाद्य प्रतिष्ठानों की सघन जांच

**अशोकनगर।** करीला धाम पर रंगपंचमी के अवसर पर 07 मार्च से 09 मार्च 2026 करीला मेला का आयोजन किया गया है। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा करीला मेला के पूर्व मेले में लगने वाली खाद्य पदार्थों की सघन जांच कार्यवाही की गई।

मेलें में लग रही सभी किराना, चाट, फुल्की, आइसक्रीम, गन्ने के रस, समोसा कचैडी, नाश्ते की दुकानो तथा भोजनालय में जांच कार्यवाही की गई। सभी दुकानदारों को निर्देश जारी किये गये कि वह मेले में ताजा एवं साफ खाद्य सामग्रियों का विक्रय करें एवं खाने पीने के सामानों को ढंक कर ही विक्रय किया जाये एवं खाद्य सामग्रियों मे अखाद्य रंग का उपयोग नहीं किया जाये। यदि कोई भी खाद्य विक्रेता के द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया जायेगा तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जांच कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खुले में बिक रही खाद्य सामग्री को ढंकवाया गया तथा रंग मिले हुये फुल्की के पानी तथा बेस्ट बिफोर अवधि निकले हुये मसाला के पैकटों को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। यह कार्यवाही सम्पूर्ण मेला अवधि में की जायेगी, जिसके लिये अन्य जिलों के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की भी ड्यूटी लगायी गयी है, जो कि सम्पूर्ण मेले में उपिस्थत रह कर मेले में लग रही खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कार्रवाई करेंगे।



## विश्व श्रवण दिवसः जागरूकता रैली निकाली रोगियों को देखभाल संबंधी दी जानकारी

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन में सीएमएचओ डॉ अलका त्रिवेदी के निर्देशन में शुक्रवार को विश्व श्रवण दिवस पर राष्ट्रीय बाधिरता दिवस मनाया गया। आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ सौरभ शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय बाधिरता एवं रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में श्रवण बाधित शिविर एवं जागरूकता रैली निकाली गई। उक्त शिविर में सिविल सर्जन डॉ भूपेंद्र शेखावत द्वारा श्रावण बाधित रोगियों को देखभाल एवं श्रावण संबंधित जानकारी दी गई। शिविर में डॉ. बीएल टैगोर द्वारा कान, नाक, गला के 41 मरीजों का स्वास्थ परिकण किया गया। जिसमें से 3 बुजुर्गों का विकलांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए पत्र बनाने के लिए डीडीआरसी रेफर किया। 1 बच्चे के कान से गेहूं निकाला एवं ऑडियोलॉजिस्ट विवेक सोनी और हरिओम सैनी के द्वारा 5 व्यस्क और 3 बच्चो की कान की जांच ऑडियोमेट्री मशीन से कि गई। शिविर में आरबीएसके डीआईसी ऑडियो लॉजिस्ट विवेक सोनी, हरिओम सैनी डीडीआरसी आदि रहे मौजूद।




## चितवन जैन का यूपीएससी में 17वी रैंक के साथ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

यूपीएससी सिविल सर्विस 2025 के फाइनल परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं जिसमें अशोकनगर शहर के चितवन जैन पुत्र मनीष जैन एवं माता रिनू जैन का 17वी रैंक के साथ पहले प्रयास में चयन हुआ है। अशोकनगर शहर से पहली बार यूपीएससी में 17वी रैंक हासिल कर उन्होंने अपनी योग्यिता का परिचय दिया है। महावीर टी कंपनी के संजीव जैन के वह भतीजे हैं। उनके इस चयन पर जिले भर के नागरिकों ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी हैं।






### विवेक यादव ने 413वीं रैंक की हासिल

चंदेरी निवासी नवल सिंह यादव के पुत्र विवेक यादव का चयन यूपीएससी 2025 में चयन हुआ है । उन्हें 413वी रैंक हासिल हुई है यह उनका चैथा प्रयास था। उन्होंने अपनी पढाई सरस्वती विद्या मंदिर से प्रारंभ की और बाद में दिल्ली विश्वविद्यालय से पढ़ाई कर यूपीएससी परीक्षा में शामिल हुए।

### स्वर्गीय जनकदुलारी शर्मा की स्मृति में गौशाला में लगाया कदम का पौधा



**ईसागढ।** ग्राम मढ़ी महिदपुर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यक्षेत्र सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानंद शर्मा की माताजी स्वर्गीय जनकदुलारी शर्मा की स्मृति में मढी महिदपुर गौशाला में कदम का पौधा लगाया गया। साथ ही इस पौधे से आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम होगा। और बताया गया कि यह पौधा मां की याद में लगाया जा रहा है जो कि इसका संरक्षण में खुद स्वयं करूंगा।

## पशुचारा के जिले के बाहर निर्यात पर पूर्णतः प्रतिबंध हेतु आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी साकेत मालवीय द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत अशोकनगर जिले की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में करीला मेला वर्ष 2026 दृष्टिगत 07 मार्च 2026 से 09 मार्च 2026 तक जिले के अन्दर पशुचारा भूसा के परिवहन पर एवं 07 मार्च 2026 से 15 जून 2026 तक जिले बाहर निर्यात पर पूर्णतः प्रतिबंध हेतु आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेशानुसार आदेश का उल्लंघन करने वाले कृषकों/ व्यापरियों / व्यक्तियों/ निर्यातकों आदि के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 एवं अन्य उपयुक्त कानूनी प्रावधानों की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत वैधानिक/ दाण्डिक कार्यवाही की जायेगी। जिले से बाहर पशुचारा, घास, भूसा, ज्वार/प्याज/धान के डंठल एवं पशुओं के खाये जाने वाला अन्य किस्म के चारे का परिवहन विशिष्ट परिस्थितियों में संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी के अनुज्ञा-पत्र के उपरांत ही किया जा सकेगा।

उल्लेखनीय है कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग मुंगावली के प्रतिवेदन पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तहसील बहादुरपुर के ग्राम कानीखेड़ा में म०प्र० तीर्थ स्थान, माँ जानकी मंदिर पर रंगपंचमी करीला मेला वर्ष 2026 में 07 मार्च 2026 से 09 मार्च 2026 तक रहेगा। जिसमें जिला अशोकनगर एवं अन्य जिलों से लगभग 25-30 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। वर्तमान में रबी की फसल की कटाई का समय होने से कृषकों/ व्यापरियों, व्यक्तियों, निर्यातकों आदि द्वारा पशुचारा, भूसा ट्रेक्टर-ट्रोली एवं अन्य वाहनों से एक स्थान से दूसरे स्थान पर आवागमन होता रहता है, जिससे यातायात प्रभावित होता है।



## पिपरई में कायस्थ समाज ने भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त जी की सामूहिक पूजा-अर्चना पिपरई में समाज के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न की गई।

इस अवसर पर पिपरई के समस्त कायस्थ बंधु एकत्रित होकर भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा-अर्चना एवं कलम-दवात का पूजन किया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के वरिष्ठ एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष स्वर्गीय रामसेवक श्रीवास्तव के निवास पर किया गया, जहाँ सभी समाजजन एकत्र हुए। पूजा-अर्चना के बाद भगवान चित्रगुप्त जी की आरती की गई। इसके पश्चात सभी चित्रांश बंधुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर भाई दूज की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और सभी ने मिलकर सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

### ग्राम महिदपुर में क्षतिग्रस्त पानी की टंकी को किया ध्वस्त



**अशोकनगर।** तहसील नईसराय के ग्राम महिदपुर में क्षतिग्रस्त पानी की टंकी होने से ग्रामीणों की सुरक्षा को दृष्टिगत हुए ग्राम पंचायत महिदपुर के माध्यम गिराये जाने की कार्यवाही की गई।

## रमजान के महीने के तीसरे जुमे को मुस्लिम भाईयों ने नमाज अदा कर देश हित के लिए दुआ मांगी

**राजपुर।** रमजान का पाक और पवित्र महीना चल रहा है ऐसे में शुक्रवार को राजपुर जामा मस्जिद एवं मदरसा दारुल उलूम मोहम्मदिया में रमजान के तीसरे जुमे की नमाज अदा की गई। जिसमें देश एवं प्रदेश में शांति सद्भावना एवं भाईचारे की दुआ मांगी गई। मदरसा दारुल उलूम मोहम्मदिया राजपुर के पेश इमाम हाफिज नईम ने बताया कि रमजान का पाक और मुकद्दस महीना चल रहा है। इस महीने में मुस्लिम समुदाय रोजा रखते हैं एवं खूब इबादत भी करते हैं यह महीना रहमतों और बरकतों वाला महीना है इस पाक और मुकद्दस महीने में मांगी गई हर दुआ ज्यादातर कबूल होती है साथ ही कहां है कि ऐसी कोई बात न करें। खासकर सोशल मीडिया पर ऐसी कोई पोस्ट न डालें जिससे किसी भी भाई की भावनाओं को ठेस पहुंचे, हो सके तो गरीब मोहताज और जरूरतमंदों की मदद करें चाहे वह किसी भी मजहब से हो।



**सार्वजनिक सूचना (नाम परिवर्तन)**

मैं राजू सेन, पिता श्री रमेश चंद्र सेन, निवासी गायत्री कॉलोनी, मुल्तानपुरा, ब्यावरा, जिला राजगढ़ (मध्य प्रदेश), यह विधिवत सार्वजनिक घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम स्वेच्छा से राजू सेन से बदलकर राजीव सिंह रख लिया है। अतः दिनांक 04/05/2026 से भविष्य में मेरे सभी शासकीय, अर्धशासकीय, बैंकिंग, शैक्षणिक, राजस्व, पहचान पत्र (आधार, पैन आदि) तथा अन्य सभी आधिकारिक एवं निजी दस्तावेजों में मेरा नाम राजीव सिंह ही मान्य किया जाए। यह नाम परिवर्तन किसी प्रकार की धोखाधड़ी या अनुचित उद्देश्य से नहीं किया गया है।
दिनांकः 04/03/2026
स्थानः ब्यावरा, जिला राजगढ़ (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में सडक दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले में देहात थाने के अंतर्गत अजान खान निवासी कलारी मोहल्ला अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात ऑटो चालक ने फरियादी की बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम देवरछी निवासी जहन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कार क्रमांक एमएच 12 एमएल4683 के अज्ञात चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### बाईक फिसलने से युवक घायल

**अशोकनगर।** मुंगावली थाने के मल्हारगढ़ चैकी के अंतर्गत ग्राम निसई निवासी हरीचरण पुत्र उद्धा आदिवासी को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां घायल और उसके परिवार जनों ने बताया कि युवक अपने परिचित के यहां होली के त्यौहार पर रिश्तेदारी कुम्हरिया गांव में आया था। वहां से वापिस आते समय मल्हारगढ़ के समीप स्पीड ब्रेकर पर बाईक फिसलने से वह घायल हो गया, जिसका उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

### पति-पत्नि का झगड़ा बचाते समय बेटी घायल

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत स्थानीय मगरदा चैराहे निवासी पूजा बाई पति लक्ष्मण पाल उम्र 25 वर्ष को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां घायल महिला ने बताया कि हमारे माता पिता में झगड़ा हो गया है, बचाते समय मुझे चोटे आ गई मेरे सिर में चोट लगने से उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाया गया है जहां उपचार जारी है।

### 65 वर्षीय महिला बाइक से गिरी, मौत

**अशोकनगर।** कोटा विकास नगर निवासी शकुंतला जैन अपने पति अशोक जैन के साथ अशोकनगर जिले के ग्राम बरवाह में रिश्तेदारों के यहां आई थी। अशोकनगर में आने के बाद में उन्होंने अपने रिश्तेदार से बाईक ली थी और वह बाईक से वापिस अशोकनगर लौटते समय स्पीड ब्रेकर पर महिला संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गई। महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी मुन्नी पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति राजू पाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत कबीरा रोड अशोकनगर निवासी गोरेलाल बघेले ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुरेन्द्र बघेले ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले क ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरौदा निवासी भरत सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू, सरवन,सुल्तान और घंसू जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सरवन जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भरत, रामबाबू और चीनू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खासखेडा निवासी रामू बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोविंदा और प्रिया बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### चना, मसूर, सरसों का पंजीयन अधिक संख्या में कराएं

अशोकनगर। जिले में रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई उपार्जन पोर्टल पर चना, मसूर के उपार्जन हेतु पंजीयन एवं भावांतर योजनान्तर्गत सरसों के पंजीयन हेतु 42 पंजीयन केन्द्रों पर कृषक पंजीयन किये जा रहे हैं। आज दिनांक तक मसूर के 5248, चना के 1902, सरसों के 1842 कृषक पंजीयन करा चुके हैं। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास अमित भदौरिया द्वारा कृषक पंजीयन हेतु कृषक भाईयों से अपील की है ज्याद से ज्यादा किसान पंजीयन कराएं।

---

### निर्माण कार्यों की धीमी चाल पर नाराजगी जताई, कार्यों का बारीकी से किया निरीक्षण

# डीआरएम ने अशोकनगर स्टेशन का निरीक्षण किया, जन प्रतिनिधियों ने समस्याएं गिनाईं





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भारत सरकार की अमृत-2 योजना में अशोकनगर रेलवे स्टेशन को शामिल किया गया था। लेकिन इस स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य आज दिनांक तक पूरे नहीं हो पाए हैं। इसके पहले भी आए अधिकारियों ने नाराजगी जताई थी। शुक्रवार को भोपाल डीआरएम ने निर्माण कार्य समय पर पूर्ण नही होने पर नाराजगी जताई। डीआरएम के आगमन की जानकारी मिलने के बाद जनप्रतिनिधि रेलवे स्टेशन पहुंचे और पानी से लेकर सुलभ कॉम्पलेक्स जैसी कमियों से अवगत कराया।

अशोकनगर स्टेशन पर डीआरएम पंकज त्यागी अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ स्टेशन का निरीक्षा करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर योजना के अंतर्गत निर्मित की गई नई इमारत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मानचित्र के अनुसार जितनी भी सुविधाएं इस नए भवन में उपलब्ध कराईं गई है उन सब सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रथम श्रेणी प्रतिक्षालय के साथ महिला प्रतिक्षालय के साथ इस भवन में बनाई गई सामान्य टिकिट विंडो और रिर्जवेशन कांउटर का निरीक्षण किया। सीड़ियो के पास खाली पड़े स्थान को देखकर अधिकारियों से कहा कि यह निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण क्यों नहीं हुआ। उन्होंने मैदान में पड़ी गिटटी और अन्य निर्माण कार्यों को देखकर कहा कि निर्धारित समय के भीतर इस सामग्री का उपयोग कर यहां से हटाई जाए। उन्होंने पूछा कि जो निर्माण कार्य रह गए है है वह कब तक पूर्ण होगें तब अधिकारियों ने बताया कि वह कार्य 15 दिन में पूर्ण कर लिए जाएगें। परिसर में पहले से मौजूद मंदिर वर्तमान में निर्माण कार्य चलने के कारण गहराई में चला गया है, इस कारण इस मंदिर के नए सिरे से निर्माण किए जाने की बात की गई।





#### 31 मार्च तक निर्माण कार्य पूरे होने की संभावना जताई

इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान में जो इमारत बनी है उस इमारत का निर्माण कार्य फिनिशिंग स्थिति में चल रहा है। हमारी कोशिश है कि 31 मार्च तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका यह दौरा 3 स्टेशनों का निरीक्षण करने के लिए था, सेफ्टी निरीक्षण की दृष्टि से यह निरीक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि यात्रियों का पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराना रेलवे का कार्य है। करीला मेले को लेकर उन्होंने कहा कि अगर यहां यात्रियों की संख्या मेले में अधिक आती है तो और टिकटों की ब्रिकी होती है तो उसे देखते हुए अतिरिक्त ट्रेनों का स्टापेज दिया जाएगा लेकिन यहां पहले से ही ट्रेनों का स्टापेज है। प्लेटफार्म क्रमांक 3 के बाहर का हिस्सा अशोकनगर शहर के आधे हिस्से को जोड़ता है, यहां कोई सुविधाएं नहीं हैं। उन्होने कहा कि यहां अगले चरण में कार्य किया जाएगा, जिसका वर्क स्वीकृत हो गया है। अभी वर्तमान में जो चरण चल रहा है उसके जो कार्य है उन्हें पूरा किया जा रहा है। इस दौरान उन्हें बताया गया कि यहां पानी की भारी समस्या रहती है, तब उन्होंने पूछा की वाटर बूथ की कमी है या फिर पानी की सप्लाई में कोई समस्या है तब अधिकारियों ने बताया कि नल प्रारंभ कराए गए हैं। शौचालय की स्थिति के बारे में उन्होंने कहा कि यहां की समस्या का निराकरण भी किया जाएगा। वर्तमान प्लेट फार्म ब्रिज को बाहर से अब तक न जोड़े जाने के मामले में उन्होंने कहा कि नया 12 मीटर का टेंडर स्वीकृत हो गया है और 8 से 9 महीनों के अंदर यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

#### डीआरएम को निरीक्षण में कई कमियां मिली

अशोकनगर स्टेशन पर भ्रमण के दौरान उन्होंने प्लेटफार्म का निरीक्षण किया, स्टेशन के मुख्य द्वार के बाहर तैयार की जा रही डिजाइनिंग को भी देखा, जब उन्हें शिकायत की गई कि अशोकनगर स्टेशन पर यात्रियों को भरपूर मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है और हर वर्ष इस तरह की समस्या ग्रीष्म काल के मौसम में तो आती ही है साल भर इसी तरह बनी रहती है। इसी दौरान उन्हें सुलभ कॉम्पलेक्स की सुविधा की भारी कमी से अवगत कराया गया। न तो प्लेट फार्म पर इस तरह की कोई सुविधा है न ही परिसर में कोई सुविधा है जो वर्तमान में सुलभ कॉम्पलेक्स है वहां भी सुविधाएं नहीं हैं। स्वयं डीआरएम सुलभ कॉम्पलेक्स का निरीक्षण करने पहुंचे यहां दरवाजा टूटा मिला, सीलिंग टूटी हुई थी, यहां पर भी पानी की सुविधा नहीं थी। जब उन्होंने स्टेशन मास्टर से पूछा तो उन्होंने कहा कि यहां आज से पानी की सुविधा प्रारंभ हुई है इससे पहले लाईन कटी हुई थी।

#### खास बातें

- प्लेट फार्म के दोनों सिरों पर निर्माण कार्य अधूरा
- सरकुलेट एरिया बढ़ाया गया, लेकिन हाई मस्ट लाईट की भारी कमी
- प्लेटफार्म के अंदर और बाहर दोनों ही स्थानों पर महिलाओं के लिए सुलभ कॉम्पलेक्स की कोई सुविधा नहीं।
- प्लेटफार्म पर लगे नेम बोर्ड पॉलिस उतरने से दिखाई भी नहीं देते
- बीटीएम मशीन दो होने के बाद भी दूसरी की अभी तक शुरूआत नहीं
- यहां लगा अमर शहीद शशीन्द्र सिंह राणा की प्रशस्ती गायब, निर्माण कार्यों के कारण हटी आज तक नही लगी।
- ट्रेनों की समय सारिणी की इलक्ट्रिक सूची लगाने की मांग।
- पिछले दो साल से 100 मीटर ऊंचा राष्ट ध्वज, स्थान बदलने के बाद फिर से नहीं लगाया गया।
- प्लेटफार्म नम्बर 3 के बाहर पर्याप्त रोशनी की कमी
- स्टेशन के दोनों प्लेटफार्मों पर नहीं कुर्सियों और बेंचों का इंतजार।

---

## कलेक्टर ने करीला धाम पहुंचकर तैयारियां व व्यवस्थाओं का लिया जायजा





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर जिले में स्थित म.प्र.तीर्थ स्थल मां जानकी मंदिर करीला धाम पर रंगपंचमी के अवसर पर 07 मार्च से 09 मार्च 2026 तीन दिवसीय मेला शनिवार से प्रारंभ होगा। करीला मेला में श्रद्धालुओं के लिए आस्था के केन्द्र पर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक रूप से सभी आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं की गई है।

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा करीला धाम पहुंचकर शुक्रवार को मेला परिसर का भ्रमण कर तैयारियां एवं व्यवस्थाएं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने करीला मेला के लिए बनाये गये 07 सेक्टरों का भ्रमण किया। उन्होंने मंदिर परिसर में पर्याप्त साफ सफाई रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला में पर्याप्त विद्युत व्यवस्था, शुद्ध पेयजल,खोया पाया केन्द्र, कंट्रोल रूम, अस्थाई चिकित्सालय, सीसीटीव्ही कैमरे से निगरानी, पार्किंग व्यवस्था, अधिकारी, कर्मचारियों की डयूटी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**बस, टैक्सी एवं ऑटो संचालकों को मोटरयान नियमों का पालन करने के दिये निर्देश** प्रतिबर्ष की भांति इस वर्ष भी अशोकनगर जिले की तहसील बहादुरपुर की ग्राम पंचायत जसैया के ग्राम कानीखेड़ी में म.प्र. तीर्थ स्थल मां जानकी रंगपंचमी करीला मेला 07 मार्च से 09 मार्च 2026 तक की तैयारियां एवं वाहन व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से संचालन हो सके। सभी बस संचालकों/टैक्सी संचालकों/ऑटो संचालकों को निर्देशित किया गया है कि करीला मेला में आने वाली बसों के मूल दस्तावेज वाहन के साथ होने पर ही वाहन का संचालन किया जावें एवं वाहनों का संचालन नियमानुसार तथा यातायात नियमों का पूर्ण पालन करने हेतु सभी बस संचालक अपने-अपने बसों के चालक/परिचालक को सख्त निर्देश दे कि किसी भी स्थिति में मोटरयान नियमों का उल्लघंन न हों एवं वाहनों में ओवरलोड यात्री संचालन ना किया जावें। साथ ही निर्धारित किराये पर ही यात्रियों से किराया लिया जायें। इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे निर्देशों का उल्लंघन करने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## अशोकनगर को सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे से जोड़ने के लिए विधायक ने लिखे पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

ग्वालियर से नागपुर को बनाए जा रहे सिक्स लेन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे जिसकी घोषणा केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा की गई है,जिसकी कुल लागत 40000 करोड रुपए आएगी। इस महत्वाकांक्षी एक्सप्रेस वे के सर्वे एवं डीपीआर बनाने की कार्रवाई चल रही है, इसी बीच अशोकनगर के विधायक इंजीनियर हरीबाबू राय द्वारा विधानसभा में लगाए गए प्रश्न के जवाब में लोक निर्माण विभाग मंत्री मध्यप्रदेश शासन राकेश सिंह द्वारा लिखित उत्तर में यह बताया गया है कि, इस सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे का सर्वे कार्य चल रहा है जिसकी डीपीआर दिसंबर 2026 तक पूरी कर ली जाएगी।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, क्षेत्रीय सांसद एवं दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा मध्यप्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह को विधायक अशोकनगर हरीबाबू राय द्वारा पुनः मांग पत्र प्रेषित किए हैं, और सभी से यह अनुरोध किया है कि, वह अशोकनगर को सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे से कनेक्ट किए जाने के संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को समुचित दिशा निर्देश जारी करने का अनुरोध एवं अपील की है, ताकि अशोकनगर जो हाईवे से आज दिनांक तक कनेक्ट नहीं है, वह इस महत्वपूर्ण ग्वालियर नागपुर सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे से कनेक्ट हो जाए। सभी पत्रों की प्रतिलिपि जिले के कलेक्टर साकेत मालवीय को भी प्रेषित की गई है, ताकि वे इस पर समुचित कार्रवाई आगे बढ़ाएं।



**जिले के सारे नेताओं,विधायको, और भाजपा जिला अध्यक्ष के साथ नपा अध्यक्ष ने भी पत्र लिखे** ज्ञातव्य हो कि इस मांग के समर्थन में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ,पूर्व विधायक अशोकनगर जजपाल सिंह, चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, तथा नगर पालिका अध्यक्ष अशोकनगर, नीरज मनोरिया ने भी अशोकनगर को सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे से जोड़ने के लिए पत्र पहले ही लिखे जा चुके हैं। यह पहला अवसर है जब अशोकनगर जिले के समग्र विकास और हाईवे से कनेक्ट कराने के लिए सभी जनप्रतिनिधि एक राय होकर मांग रख रहे हैं। इसके बाद भी अगर यह नेता काम नहीं करा पाए तो कब करा पाएगें। सभी नेता एक सुर से मांग कर रहे हैं। अशोकनगर जो गेहूं चना दलहन के उत्पादन में देश विदेश तक जाना जाता है, यह जिला पर्यटन स्थलों से भी समृद्ध है, किंतु, औद्योगिक विकास में बहुत पिछड़ा हुआ है, जिसका मुख्य कारण अशोकनगर जिला मुख्यालय का हाईवे से कनेक्ट न होना है, ग्वालियर नागपुर सिक्स लेन हाईवे से अशोकनगर के कनेक्ट हो जाने पर व्यापार, व्यवसाय, औद्योगिक विकास, रोजगार एवं पर्यटन विकास में बहुत उन्नति होगी, जिसका लाभ संपूर्ण जिले के साथ-साथ निकटवर्ती जिलों को भी प्राप्त होगा।

**सर्वे और डीपीआर में अशोकनगर जिला मुख्यालय को कनेक्ट करने की मांग** जिले वासियों की भी यही एक स्वर में मांग है कि अशोकनगर जिला मुख्यालय को सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे से कनेक्ट किए जाने हेतु जो मांग विधायक अशोकनगर,एवं जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई जा रही है उस पर सभी जिम्मेदार लोगों को शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए और अभी सर्वे एवं डीपीआर चरण चल रहा है इसमें अशोकनगर को जोड़ने की लिए समुचित आदेश दिशा, निर्देश जारी किए जाने चाहिए ताकि अशोकनगर जिला मुख्यालय इस सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे से कनेक्ट हो सके और जिले का समग्र विकास संभव हो सके।

---

### जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली-भाई दूज का पर्व

# स्नेह की डोर से बंधा भाई-बहन का अटूट रिश्ता, लंबी उम्र की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली


होली के रंगों की खुमारी के बीच गुरुवार को भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक होली भाई दूज का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनके सुख-सौभाग्य और लंबी आयु की कामना की वहीं भाइयों ने उपहार भेंट कर रक्षा का वचन दिया।

#### परंपरा का दिखा संगम सुबह से ही घरों में उत्सव का माहौल रहा

होली के हुड़दंग के बाद गुरुवार का दिन पारिवारिक मेल-मिलाप के नाम रहा। बहनों ने शुभ मुहूर्त में भाइयों को तिलक लगाया और नारियल भेंट किया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, यमराज ने इसी दिन अपनी बहन यमुना के घर जाकर भोजन किया था, तभी से यह परंपरा चली आ रही है।

#### पकवानों की रही धूम

तिलक की रस्म के बाद भाइयों ने बहनों के हाथ से बने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। गुझिया, मठरी और विशेष मिठाइयों से थाल सजे रहे जिन बहनों के भाई दूर थे उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए तिलक की रस्म पूरी की और डिजिटल माध्यम से एक-दूसरे को शुभकामनाएं भेजीं।



#### बाजारों और यातायात में रही हलचल

भाई दूज के अवसर पर बाजारों में मिठाई और उपहारों की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई। वहीं बहनों के अपने पीहर जाने के कारण बसों और ट्रेनों में भी काफी चहल-पहल रही। तिलक के बाद भाइयों द्वारा बहनों को साड़ी, आभूषण और नकदी के रूप में दिए गए उपहारों ने पर्व की खुशी को दोगुना कर दिया।

#### भाई-दूज का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया

पिपरई। नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भाई-दूज का पावन पर्व गुरुवार को बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।

सुबह से ही घरों में पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया। बहनों ने थाली सजाकर विधि-विधान से भाई का तिलक किया, आरती उतारी तथा मिठाई खिलाकर भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक इस पर्व को मनाया। इस दौरान परिवारों में खुशी का माहौल देखने को मिला। बाजारों में भी पर्व को लेकर विशेष चहल-पहल रही। मिठाई, उपहार एवं पूजन सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी गई। भाई-दूज के इस अवसर पर भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का रिश्ता और अधिक मजबूत होता नजर आया।



### जाति प्रमाणपत्र बनवाते समय की थी महिला से छेड़छाड़ का आरोप, नहीं बना जाति प्रमाणपत्र

# नाबालिग के अश्लील वीडियो के बाद अब पटवारी का दूसरा मामला भी आया सामने

## दुष्कर्मी महेश पटवारी की शिकायत लेकर थाने पहुंची एक ओर दलित पीड़ित महिला

## 3 वर्ष बीतने के बाद भी महिला की शिकायत पर आज तक नहीं हुई एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

निलम्बित पटवारी महेश साहू को नाबालिग छात्रा के नहाते समय अश्लील वीडियो बनाने के अपराध में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता धारा- 77 , पास्को एक्ट 13/14 तथा आई पी सी एक्ट की धारा- 66 ई के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय पेश किया था,जिस पर न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है,वही एसडीएम द्वारा उसे निलम्बित भी किया गया है।

### आदतन करता आया है महिलाओं का उत्पीडन

इसी दुष्कर्मी महेश पटवारी से 3 वर्ष से पीड़ति महिला नीता वंशकार दुष्कर्मी के खिलाफ दिये आवेदन पर कार्यवाही की मांग को लेकर थाने पहुंची। आप को बता दें कि तीन वर्ष पहले इसी पटवारी द्वारा महिला को छेड़छाड़ की गई थी,लेकिन पटवारी की दबंगाई के चलते कोई एफआईआर नहीं हुई थी ,जबकि पीड़ति महिला ने एसडीओपी कार्यालय,एस पी कार्यालय,महिला आयोग में भी इसकी शिकायत की



थी लेकिन आज तक एफ आई आर नहीं हुई थी। दुष्कर्मी पटवारी द्वारा साठ गांठ कर मामले को दबा दिया गया था। तब से अब तक महिला ने बहुत चक्कर लगाये लेकिन बस आश्वासन ही मिलता रहा कार्य वाही नहीं हुई।

### 3 साल पहले बेनकाब हो जाता तो मासूम न बनती शिकार

पीड़ित नीता ने बताया कि दुष्कर्मी महेश पटवारी पर यदि पहले ही पुलिस मेरे आवेदन पर कार्य वाही कर देती तो आज एक नाबालिक लड़की का इस प्रकार



परिजनों व समाज के लोगों ने जमकर धुलाई कर पुलिस को सौंपा

पटवारी पर नाबालिग छात्रा का वीडियो बनाने पर पास्को एक्ट में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

नगर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। एक मकान मालिक महेश साहू पटवारी द्वारा अपने ही घर में किराए से रहकर पढ़ाई कर रही नाबालिग छात्रा का नहाते समय मोबाइल से वीडियो बनाने का आरोप लगा है। घटना का खुलासा होते ही परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साई भीड़ शनिवार रात आरोपी के घर पहुंची और उसकी जमकर पिटाई कर दी।

जानकारी के अनुसार, आरोपी पटवारी महेश साहू (50) के घर में आसपास के गांवों की नाबालिग छात्राएं पढ़ाई के उद्देश्य से किराए पर रहती थीं। एक सप्ताह पूर्व आरोपी की पत्नी राजस्थान के छबड़ा अपने रिश्तेदारों के यहां गई हुई थी, जिससे वह घर में अकेला था। शनिवार सुबह 11वीं कक्षा की एक छात्रा परीक्षा देने से पहले नहाने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान पटवारी ने बाथरूम के गेट के ऊपर लगी जाली से मोबाइल के जरिए उसका वीडियो बना लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने दो से तीन वीडियो रिकॉर्ड किए। छात्रा ने आरोपी को संदिग्ध स्थिति में देख लिया था, लेकिन परीक्षा के कारण और भयवश तत्काल किसी को कुछ नहीं बताया। बाद में उसने साथ रहने वाली छात्राओं को घटना की जानकारी दी और परीक्षा देने चली गई। शाम को परीक्षा से लौटने के बाद छात्राओं ने परिजनों को फोन कर पूरी बात बताई। रात करीब 9 बजे परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में आरोपी के घर पहुंच गए। जब उन्होंने आरोपी का मोबाइल चेक किया तो डिलीट किए गए वीडियो रीसाइकल बिन में मिल गए। यह देखते ही लोगों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने आरोपी की पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान आरोपी के कपड़े तक फट गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को भीड़ से छुड़ाया। हालात इतने तनावपूर्ण थे कि पुलिस को आरोपी को पहले पैदल और फिर बाइक से थाने ले जाना पड़ा। देर रात तक थाने के बाहर लोगों की भीड़ जुटी रही और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी का मोबाइल जब्त कर लिया गया। वहीं मामले की गंभीरता से जांच कर पास्को एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा।

वीडियो बनाने की दुष्कर्मी की हिम्मत नहीं होती।

### पटवारी की सांठ-गांठ से दबा दी गई मेरी शिकायत

नीता वंशकार ने अपने साथ हुई वारदात की शिकायत पुलिस थाना खिलचीपुर में 3 वर्ष पहले की थी,लेकिन पटवारी द्वारा थाने में सांठ-गांठ कर मामले को दबा दिया गया था,जिसकी शिकायत मेने अपने पति के साथ जाकर एस पी साहब को भी की थी।यही नहीं मेने महिला आयोग ओर 181 पर भी शिकायत की थी,लेकिन पटवारी के रसूख के आगे मेने हार मान ली थी।

### बिना जाति प्रमाणपत्र पढ़ने को मजबूर

मेरे बच्चे बिना जाति प्रमाणपत्र के पढ़ने को मजबूर,नहीं बन रहा जाति प्रमाणपत्र। पटवारी द्वारा मेरे साथ हुई छेड़खानी की वारदात की शिकायत पुलिस थाने में करने के बाद दुष्करमी पटवारी ने मेरे बच्चे के जाति प्रमाण पत्र के कागजाद पर ऐसी टिप लगाई कि आज तक मेरे बच्चे का जाति प्रमाण पत्र आज तक नहीं बन पाया। में शासन से अपील करती हूं कि मेरे बच्चे का जाति प्रमाणपत्र पुनः जांच कर बनवाने की कृपा करें।

#### इनका कहना है

हां ,महेश पटवारी के विरूद्ध एक ओर आवेदन आया है, जांच कर कार्यवाही की जावेगी।

**उमाशंकर मुकाती**, टीआई खिलचीपुर।

### प्लास्टिक मुक्त नगर बनाने

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर के पीपल चैराहा स्थित नगर पालिका शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में गुरूवार रात्रि को पर्यावरण संरक्षण पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य विषय "छोटी पहल बड़ा परिवर्तन, प्लास्टिक फ्री हमारा नगर" था। इस कार्यक्रम में शहर के पर्यावरण प्रेमियों, समाजसेवियों और नागरिकों ने भाग लिया और प्लास्टिक मुक्त नगर बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू समाज की जीवन पद्धति प्रकृति से जुड़ी हुई है। हम प्रकृति पूजक हैं और हमारी संस्कृति में धरती को माता का दर्जा दिया गया है। सेठिया ने चिंता व्यक्त की कि आज समाज पर्यावरण के साथ कैसा व्यवहार कर रहा है। उन्होंने वनों की कटाई, प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग और नदियों के प्रदूषण को हमारी संस्कृति के विपरीत बताया। उन्होंने जोर दिया कि यदि हम पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन में अपनाएं, तो यह धरती स्वर्ग समान बन सकती है। जहां गंदगी, प्रदूषण और पॉलिथीन के ढेर दिखाई देते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल शासन का विषय नहीं, बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने धर्म को केवल पूजा-पाठ तक सीमित न मानकर कर्तव्यों के पालन का हिस्सा बताया। सेठिया ने प्लास्टिक को एक ऐसा जिन्न बताया जो आसानी से नष्ट नहीं होता, इसलिए इसके उपयोग को कम करना आवश्यक है। इन इको ब्रिक्स में पॉलीथीन भरकर ईंट के रूप में तैयार किया जाता है, जिनसे शहर में रचनात्मक डिजाइन बनाई जा रही हैं। पीपल चैराहे पर स्थापित आई लव ब्यावरा की आकृति भी इन्हीं इको ब्रिक्स से निर्मित है। इस अवसर पर समाजसेवी रामबाबू गुप्ता और अनिला गुजराती भी उपस्थित रहे।

# आपातकाल के 50 वर्ष विषय पर लीड कॉलेज में संवाद कार्यक्रम आयोजित

## विकसित भारत युवा संसद-2026 के तहत आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विकसित भारत युवा संसद-2026 के अंतर्गत लीड महाविद्यालय में शुक्रवार दोपहर जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय "आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक" रखा गया। विषय पर प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

इस कार्यक्रम हेतु माय भारत पोर्टल पर 108 विद्यार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था जिनमें से 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न हुई, जिसमें प्रतिभागियों की वाक-कला, तर्कशक्ति एवं समसामयिक विषयों पर उनके दृष्टिकोण का मूल्यांकन किया गया। निर्णायक मंडल में सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी जयसिंह राठौड़ तथा जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पंवार शामिल रहे। वहीं द्वितीय चरण में नरसिंहगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतन त्रिपाठी तथा ब्यावरा महाविद्यालय के प्रोफेसर घनश्याम नागर ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

### पांच प्रतिभागी राज्य स्तर के लिए चयनित

पांच प्रतिभागियों पायल यादव, राम गुप्ता, आनंद शर्मा, जय कुशवाह तथा रोहित कुशवाह का चयन किया गया। ये सभी चयनित प्रतिभागी आगामी 10 मार्च को भोपाल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय युवा संसद में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. वी. बी. खरे, नोडल अधिकारी डॉ. मंगलेश सोलंकी, सह नोडल अधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार मेवाड़ा, आराधना यादव, प्रकाश कुमार अहिरवार सहित स्टाफजन व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बीएससी प्राइवेट फॉर्म पुनः प्रारंभ करने की मांग का ज्ञापन सौंपा

**ब्यावरा**। राष्ट्रीय छात्र संघ द्वारा आज शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा के प्राचार्य के माध्यम से बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल के कुलसचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर बीएससी प्राइवेट परीक्षा फॉर्म पुनः प्रारंभ करने की मांग की गई। त्एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर ने बताया कि नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय में बीएससी प्राइवेट परीक्षा फॉर्म भरने की व्यवस्था बंद कर दी गई है। इसके कारण अनेक ऐसे छात्र-छात्राएँ जो आर्थिक, पारिवारिक अथवा अन्य कारणों से नियमित रूप से कॉलेज में प्रवेश लेने में असमर्थ हैं, वे उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। कॉलेज अध्यक्ष हर्षित दांगी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्राइवेट माध्यम उच्च शिक्षा प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण



साधन था। एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि छात्र-हित को ध्यान में रखते हुए बीएससी प्राइवेट परीक्षा फॉर्म पुनः प्रारंभ किए जाएँ, ताकि आर्थिक और सामाजिक कारणों से नियमित अध्ययन नहीं कर पाने वाले विद्यार्थियों को भी उच्च शिक्षा का अवसर मिल सके। इस दौरान एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन से सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। साथ ही छात्र नेता ललित सोलंकी, विधानसभा उपाध्यक्ष बंटी सोंधिया, महासचिव रीतेश चैहान आदि मौजूद थे।

### राष्ट्रीय मानकों पर आधारित स्वास्थ्य सेवाएं मिलने की उम्मीद

# पहला एनएबीएच प्रमाणित अस्पताल बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। नगर स्थित गवली हॉस्पिटल को नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) द्वारा प्रमाणन प्रदान किया गया है। इसके साथ ही गवली हॉस्पिटल कुरावर क्षेत्र का पहला एनएबीएच प्रमाणित अस्पताल बन गया है।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यह प्रमाणन अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और मरीज-केंद्रित उपचार पद्धति की आधिकारिक पुष्टि करता है। एनएबीएच प्रमाणन प्राप्त करने के लिए अस्पताल को राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित कड़े मानकों का पालन करना पड़ता है। इसके तहत अस्पताल में सुदृढ़ भवन संरचना, आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं, प्रशिक्षित मेडिकल टीम तथा व्यवस्थित कार्यप्रणाली सुनिश्चित की जाती है। मानकों पर हुआ विस्तृत मूल्यांकन प्रमाणन प्रक्रिया के दौरान अस्पताल में भवन सुरक्षा, फायर सेफ्टी एवं आपदा प्रबंधन व्यवस्था, संक्रमण नियंत्रण प्रोटोकॉल, दवा प्रबंधन प्रणाली और मरीज सुरक्षा मानकों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। इसके साथ ही स्पष्ट लिखित एसओपी मेडिकल एवं नर्सिंग स्टाफ का नियमित प्रशिक्षण, आंतरिक गुणवत्ता ऑडिट और निरंतर सुधार प्रणाली भी सुनिश्चित की गई। वैधानिक स्वीकृतियां भी पूर्ण अस्पताल संचालन के लिए आवश्यक




सभी कानूनी औपचारिकताएं भी पूरी की गई हैं। इनमें क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट रजिस्ट्रेशन, फायर एनओसी, बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन अनुमति, प्रदूषण नियंत्रण स्वीकृति तथा फार्मेसी लाइसेंस शामिल हैं। प्रबंधन ने जताया आभार अस्पताल प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रमाणन मरीजों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण उपचार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भविष्य में भी सुरक्षित, पारदर्शी और मानक आधारित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। क्षेत्रवासियों ने इस उपलब्धि पर अस्पताल प्रबंधन को बधाई देते हुए इसे कुरावर के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

### चौथे दिन कबड्डी व रस्साकसी

## हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में 7 दिवसीय रंगारंग महोत्सव

**सारंगपुर**। हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित 7 दिवसीय रंगारंग महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर खेलकूद गतिविधियों के तहत कबड्डी एवं रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्रों की कुल 9 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता में कड़े मुकाबलों के बाद करेड़ी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ब्यावरा की टीम द्वितीय और तुकोगंज की टीम तृतीय स्थान पर रही। वहीं रस्साकसी प्रतियोगिता में बाड़ीगांव की टीम ने पहला स्थान हासिल किया और तुकोगंज की टीम द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के समापन पर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी विजेता टीमों को मोमेंटो एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान अशोक साहू,सुशील व्यास, भूपेंद्र जोशी सहित हिन्दू उत्सव समिति सदस्य मौजूद थे।

# वार्डवासियों ने स्वच्छता सहित कई मांगों को लेकर नपा प्रभारी, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के वार्ड क्रमांक 1 खारिया मार्ग के रहवासियों ने क्षेत्र में फैली गंदगी, अव्यवस्थाओं और मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर नगर पालिका प्रभारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपा।

वार्डवासियों का कहना है कि खारिया मार्ग के बीच सड़क पर आए दिन गंदगी फैली रहती है, जिससे आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है और लोगों को बीमारियों का खतरा बना हुआ है। उन्होंने नियमित साफ-सफाई करवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड के मुख्य मार्ग पर बिजली की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे रात के समय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही प्रवेश मार्ग पर कुछ लोगों द्वारा झाड़ियों लगाकर अवैध



अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसे हटाने की मांग भी की गई। इसके अलावा सड़क पर नालियों का गंदा पानी बहने के कारण आवागमन में नागरिकों को काफी दिक्कत हो रही है। वार्डवासियों ने गंदे पानी की निकासी के लिए नई और स्थायी नालियों का निर्माण करवाने की मांग रखी। मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे कचरे के ढेर को स्थायी रूप से हटाकर नगर के टीचिंग ग्राउंड में प्रतिदिन कचरा डलवाने की मांग भी की गई। वार्डवासियों का कहना है कि इससे पहले भी साफ-सफाई सहित अन्य समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया था, लेकिन नगर पालिका द्वारा अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो नगर पालिका का घेराव किया जाएगा। इस दौरान राहुल पुष्पद, सिद्धूलाल पुष्पद, विनोद पुष्पद, राहुल सहित कई वार्डवासी मौजूद रहे।



### महाविद्यालय में व्याख्यान माला आयोजित हुई

सारंगपुर । शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में भारतीय ज्ञान परंपरा के तहत साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत वीडियो के माध्यम से साइबर सुरक्षा जागरूकता का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खाईया मैडम ने साइबर सुरक्षा को लेकर अपना व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा के नोडल अधिकारी डॉ. विमल लोढवाल ने साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ अर्चना वर्मा ने साइबर जागरूकता को लेकर अपनी बात कही, कार्यक्रम के तहत डॉ. अरुणा सोलंकी ने साइबर जागरूकता को लेकर अपना उद्बोधन किया। प्रो.संगीता गुप्ता मैं साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ.भाविक वोरा अपने साइबर जागरूकता को लेकर अपनी बात रखी। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ.फारूक पठान, डॉ दीपिका जोशी समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# 10 मार्च तक बढ़ी पर्यटक स्थलों की फोटो-रील कॉन्टेस्ट की तिथि

**विदिशा**। जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं जिला प्रशासन विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पर्यटक स्थलों की फोटो व रील सबमिशन कॉन्टेस्ट की अंतिम तिथि अब 10 मार्च कर दी गई है। जिलेवासी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फोटो, रील या वीडियोग्राफी अपलोड कर निर्धारित गूगल फॉर्म भर सकते हैं। अब तक 31 प्रतिभागी सहभागिता कर चुके हैं। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे।

**कार्यालय नगर परिषद खुजनेर**
**जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

Email - cmonpkhuj@gmail.com

क्रमांक/196/राजस्व/2025 खुजनेर, दिनांक 02/03/2026

// नीलामी विज्ञप्ति //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद खुजनेर में स्वामित्व की दशहरा मैदान की व बस स्टेण्ड पर निर्मित दुकानो को अचल सम्पत्ति अंतरण नियम 2016 (संशोधन दिनांक 04.05.2021) के प्रावधानों के अंतर्गत नीलामी अंतरण अधिनियम के अंतर्गत मासिक किरायेदारी से 35 माह के लिये राईट ऑफ आक्यूपेशन पद्धति अनुसार नीलामी की जाना है। नीलामी बोली में भाग लेने हेतु दशहरा मैदान दुकान की अमानत राशि 30000/- रू. व बस स्टेण्ड दुकान की अमानत राशि 25000/- रू. जमा कर ऑफर में भाग ले सकते है। प्रत्येक दुकान के लिए प्रथक प्रथक अमानत राशि जमा की जावेगी। दुकान नीलामी प्रकाशन दिनांक से 16/03/2026 को समय 05:00 बजे सायकांल बन्द लिफाफे में ऑफर प्रस्तुत कर सकते है। ऑफर स्वीकृति देने पर 25 प्रतिशत राशि 03 दिवस में शेष राशि 02 माह में जमा करवाया जाना होगी। दशहरा मैदान दुकानो की साईज 279 वर्गफीट है। बस स्टेण्ड दुकानो की साईज 99.26 वर्गफीट है।

नोटः- 1. 07 दुकानो के आरक्षण हेतु एवं नीलामी संबंधी समस्त शर्ते एवं जानकारी कार्यालय की राजस्व शाखा में देखी जा सकती है।

2. ऑफर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर परिषद को रहेगा ।

कैलाशी बाई यादव
अध्यक्ष
नगर परिषद खुजनेर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद खुजनेर
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

**कार्यालय नगर परिषद खुजनेर**
**जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

Email - cmonpkhuj@gmail.com

क्रमांक/197/राजस्व/2024 खुजनेर, दिनांक 02/03/2026

// नीलामी विज्ञप्ति //

सर्व साधरण को सुचित किया जाता है कि नगर परिषद खुजनेर के आधिपत्य का ठेका बाजार बैठक, बस स्टेण्ड अस्थाई दखल शुल्क की नीलामी 01/04/2026 से 31.03.2027 तक के लिये की जाना है। नीलामी बन्द लिफाफे आफर प्रस्तुत करनें हेतु तिथी स्थल समय, का ब्यौरा निम्नानुसार है-

| क्र. | ठेके का नाम | अमानत राशि | दिनांक व समय | स्थान |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | बाजार बैठक | 20,000.00 | 16/03/2026 दोपहर 03 बजे तक | नगर परिषद कार्यालय |
| 2 | बस स्टैण्ड अस्थाई दखल शुल्क | 20,000.00 | | |

अध्यक्ष
नगर परिषद खुजनेर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद खुजनेर

### चार दिन पहले हुई हत्या के मामले का आरोपी गिरफ्तार

# हैवानियत : 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला से दुराचार

## एडिशनल एसपी ने प्रेसवार्ता कर पूरे मामले का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गत 3-4 मार्च की रात्रि जिले की सीमा से सटे भोजपुर थानाक्षेत्रान्तर्गत एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की नृशंसा हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। गांव के ही एक युवक ने हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए वृद्धा से दुराचार के बाद उसकी हत्या कर दी थी। एडिशनल एसपी के.एल. बंजारे ने शुक्रवार दोपहर स्थानीय पुलिस कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला। मामले के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह आरोपी मृतिका वृद्धा का दूर का रिश्तेदार भी बताया जा रहा है।

**आरोपी ने रखी थी खाने-पीने की पार्टी:** 3 मार्च की रात्रि मृतका के पुत्र के खेत के पास पप्पू भील के खेत पर खाने-पीने की पार्टी थी। फरियादी (मृतका का पुत्र) अपनी माँ को कांकरिया वाले खेत पर बनी टापरी पर अकेली छोड़कर पार्टी में चला गया। पार्टी में रामनिवास पिता रायसिंह, पप्पू पिता कालूसिंह एवं सुनील पिता मानसिंह मौजूद थे। कुछ समय बाद रामनिवास बिना बताए वहां से चला गया। रात में भोजन के बाद फरियादी अपने आम वाले खेत पर चला गया। सुबह जब वह टापरी पर पहुंचा तो उसकी माँ वहां नहीं मिली। तलाश करने पर टापरी के पास गेहूं के खेत में उसकी माँ गंभीर अवस्था में पड़ी मिली, जिनके मुंह, नाक व जबड़े पर गंभीर चोटें थीं तथा खून निकल रहा था। पास में रामनिवास के पहने हुए कपड़े भी पड़े मिले।

**पुलिस पूछताछ में आरोपी ने किया खुलासा :** पूछताछ में आरोपी रामनिवास ने बताया कि मृतका अपने पुत्र के साथ गाँव से दूर खेत पर बनी टापरी में रहती थी। वह (रामनिवास मृतका पर बुरी नजर रखता था और उसने उसके साथ बलात्कार करने की योजना बनाई। 3 मार्च को आरोपी रामनिवास ने मुर्गा पार्टी का बहाना बनाकर मृतका के पुत्र तथा उसके परिचित सुनील भील व पप्पू भील को बुलायाआरोपी मुर्गी खरीदकर पप्पू के खेत पर मुर्गी बनाने की तैयारी करने लगा और मृतका के पुत्र को वहीं उलझाकर स्वयं मृतका की टापरी पर चला गया। टापरी पर मृतका अकेली थी। आरोपी ने मृतका को आवाज देकर बाहर बुलाया और जबरदस्ती पकड़कर पास के गेहूँ के खेत में ले गया, जहाँ उसने मृतका के साथ बलात्कार किया। विरोध करने पर आरोपी ने दाँतों से नाक व मुँह काटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।